इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## ( असाधारण )

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 144] भोपाल, सोमवार, दिनांक 5 मार्च 2018—फाल्गुन 14, शक 1939

विधान सभा सचिवालय

कार्यालय, रिटर्निंग ऑफिसर, राज्य सभा निर्वाचन, मध्यप्रदेश

**भोपाल, सोमवार, दिनांक 5 मार्च, 2018 ( फाल्गुन 14, 1939 )**

**मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्यसभा के रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु द्विवार्षिक निर्वाचन**

अधिसूचना

क्र. विधान-रा.स.निर्वा.-2018(1).—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसरण में, मैं, अवधेश प्रताप सिंह, रिटर्निंग ऑफिसर, मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा निर्वाचन के लिये राज्य सभा में पांच स्थानों को भरने के लिये, जिनका कार्यकाल दिनांक 2 अप्रैल, 2018 को समाप्त हो रहा है, निर्वाचन आयोग के पूर्वानुमोदन से समिति कक्ष क्रमांक-2 (एम-02), मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल को ऐसे स्थान के रूप में नियत करता हूं जहां निर्वाचन आयोग की अधिसूचना क्रमांक 318/रा.स.-मल्टी/2/2018/(1), दिनांक 5 मार्च, 2018 के अनुसरण में उक्त निर्वाचन के लिये मतदान होगा.

**स्थान** : मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल
**दिनांक** : 5 मार्च, 2018 (फाल्गुन 14, 1939)

**अवधेष प्रताप सिंह,** रिटर्निंग ऑफिसर.

OFFICE OF THE RETURNING OFFICER, COUNCIL OF STATES ELECTION, MADHYA PRADESH

**Bhopal, the 5th March, 2018 (Falgun 14, 1939)**

**Biennial Election by the elected members of Madhya Pradesh Legislative Assembly to fill the vacancies in the Council of States.**

NOTIFICATION

No. Vidhan-R.S. Nirva.-2018(1).— In pursuance of the provisions of sub-section (1) of Section 29, of the Representation of the People Act, 1951, I, AWADHESH PRATAP SINGH, Returning Officer for the election by the elected members of the Madhya Pradesh Legislative Assembly to fill five seats in the Council of States, on the retirement of five members on the 2nd April, 2018, hereby fix, with the previous approval of the Election Commission, the Committee Room No. 2 (M-02) of the Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal as the place of poll at which

a poll will be taken in pursuance of the Election Commission's Notification No. 318/CS/MULTI/2/2018(1), dated the 5th March, 2018.

**Place** :—Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal
**Date** :— the 5th March, 2018 (Falgun 14, 1939)

AWADHESH PRATAP SINGH, Returning Officer.

# कार्यालय, रिटर्निंग ऑफिसर, राज्य सभा निर्वाचन, मध्यप्रदेश

**भोपाल, सोमवार, दिनांक 5 मार्च, 2018 (फाल्गुन 14, 1939)**

## निर्वाचन की सूचना
## मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्यसभा के लिए द्विवार्षिक निर्वाचन

क्र. विधान-रा.स.निर्वा.-2018(2).—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि,—

(1) मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के पांच सदस्यों का निर्वाचन होना है;

(2) नाम-निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थी या उसके प्रस्थापक द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2018 से अपश्चात् (लोक अवकाश दिन से भिन्न) किसी दिन 11.00 बजे पूर्वाह्न और 3.00 बजे अपराह्न के बीच मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल में परिदत्त किये जा सकेंगे;

(3) नाम-निर्देशन पत्र के प्ररूप पूर्वोक्त स्थान और समयों पर अभिप्राप्त किये जा सकेंगे.

(4) नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल में दिनांक 13 मार्च, 2018 को अपराह्न 2.00 बजे की जावेगी;

(5) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना, अभ्यर्थी या उसके प्रस्थापक या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा, जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिये लिखित में प्राधिकृत किया गया हो, ऊपर पैरा (2) में विनिर्दिष्ट ऑफिसरों में से किसी को उसके कार्यालय में दिनांक 15 मार्च, 2018 को 3.00 बजे अपराह्न से पूर्व परिदत्त की जा सकेगी; तथा

(6) निर्वाचन लड़े जाने की दशा में दिनांक 23 मार्च 2018, को प्रात: 9.00 बजे और अपराह्न 4.00 बजे के बीच मतदान होगा.

**स्थान** :—मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल
**दिनांक** :—5 मार्च, 2018 (फाल्गुन 14, 1939)

**अवधेश प्रताप सिंह,** रिटर्निंग ऑफिसर.

OFFICE OF THE RETURNING OFFICER, COUNCIL OF STATES ELECTION, MADHYA PRADESH

**Bhopal, the 5th March, 2018 (Falgun 14, 1939)**

NOTICE OF THE ELECTION

**Biennial Election by the elected members of Madhya Pradesh Legislative Assembly to fill the vacancies in the Council of States.**

No. Vidhan-R.S. Nirva.-2018(2).—Notice is hereby given that,—

(1) An election is to be held of five members to the Council of States by the elected members of the Madhya Pradesh Legislative Assembly;

(2) Nomination papers may be delivered by Candidate or his proposer to the Returning Officer or to the Assistant Returning Officer at the Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal between 11.00 a.m. and 3.00 p.m. on any day (other than a public holiday) not later than the 12th March, 2018;

(3) forms of nomination paper may be obtained at the place and times aforesaid;

(4) the nomination papers will be taken up for scrutiny at 2.00 p.m. on the 13th March, 2018 at the Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal;

(5) notice of withdrawal of candidature may be delivered by the candidate or his proposer or his election agent, who has been authorised in writing by the candidate to deliver it, to either of the Officers specified in paragraph (2) above at his Office before 3.00 p. m. on the 15th March, 2018; and

(6) in the event of the election being contested the poll will be taken on the 23rd March, 2018 between the hours of 9.00 in the morning and 4.00 in the afternoon.

**Place** :—Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal
**Date** :— the 5th March, 2018 (Falgun 14, 1939)

AWADHESH PRATAP SINGH, Returning Officer.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2018.